सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# गेम जैम की राह

Posted On: 15 APR 2025 5:35PM by PIB Delhi

*भारत के शीर्ष युवा गेम डेवलपर्स वेव्स समिट 2025 में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार*

## परिचय

भारत के सबसे नवोन्मेषी गेम डेवलपर्स ने रोड टू गेम जैम के शीर्ष 10 खेलों की घोषणा के साथ सुर्खियों में अपनी जगह पक्की कर ली है, जो भारत सरकार के विश्व ऑडियो-विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के तहत क्रिएट इन इंडिया चैलेंज: सीजन 1 का मुख्य आकर्षण है। इन असाधारण शीर्षकों को 1-4 मई, 2025 तक मुंबई में होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें गेमिंग के भविष्य को आकार देने वाली रचनात्मकता का जश्न मनाया जाएगा।

GAME JAM

"रोड टू गेम जैम" भारत के गेम डेवलपर्स के लिए अपनी रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने का एक रोमांचक अवसर है। गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जीडीएआई) द्वारा केजीईएन (क्रेटोस गेमर नेटवर्क) के सहयोग से आयोजित यह पहल वेव्स के स्तंभ 2 के अंतर्गत आती है, जो एवीजीसी-एक्स-आर (एनीमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, साथ ही ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल रियलिटी और मेटावर्स) पर केंद्रित है। उभरती प्रतिभाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करके, इस पहल का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना, सहयोग को प्रोत्साहित करना और भारत के बढ़ते खेल विकास इको-सिस्टम को मजबूत करना है।

## प्रतिक्रिया और भागीदारी

भारत के 453 शहरों और कस्बों के 1,650 से ज़्यादा कॉलेजों से 5,500 से ज़्यादा पंजीकरणों के साथ, रोड टू गेम जैम ने युवा गेम विकास प्रतिभाओं को पोषित करने में एक महत्वपूर्ण कदम चिन्हित किया। इस पहल में उद्योग जगत के नेताओं के नेतृत्व में एएमए सत्र और ज्ञान-साझाकरण कार्यशालाएं शामिल थीं, जो प्रतिभागियों को गेम डिज़ाइन, कहानी कहने और गेमिंग के व्यवसाय में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करती थीं।

कई दौर के एलिमिशन के बाद 175 से अधिक टीमों ने मूल गेम प्रस्तुत किए, जिनमें से प्रत्येक का गेमिंग उद्योग के अनुभवी पेशेवरों की एक जूरी द्वारा कठोर मूल्यांकन किया गया।

## शीर्ष 10 फाइनलिस्ट

रोड टू गेम जैम के जरिए चुने गए अंतिम शीर्ष 10 गेम 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई में होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित किए जाएंगे। ये मूल शीर्षक छात्र टीमों और एकल डेवलपर्स से लेकर शुरुआती चरण के स्टार्टअप तक की रचनात्मक आवाज़ों की एक श्रृंखला को दर्शाते हैं और भारत की उभरती गेम विकास प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करते हैं।




## पुरस्कार और मान्यता

उपरोक्त विजेता टीमों को मुंबई में होने वाले वेव्स समिट में जाने के लिए एक ऑल एक्सपेंस पेड ट्रीप हासिल होगी, जहां वे अपने खेलों को एक वैश्विक उद्योग जूरी के सामने पेश करेंगे। शीर्ष तीन प्रविष्टियों को 7 लाख रूपये का संयुक्त पुरस्कार पूल भी मिलेगा, जिसमें प्रथम स्थान के लिए 3.5 लाख रूपये, दूसरे स्थान के लिए 2 लाख रूपये और तीसरे स्थान के लिए 1.5 लाख रूपये शामिल है।




## गेम जैम विषय

यहां गेम जैम के लिए अद्वितीय विषय दिए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक प्रतिभागियों को तकनीकी नवाचार के साथ रचनात्मकता का संयोजन करने के लिए प्रेरित करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।




## गेम विकास में भारत की बढ़ती ताकत

भारत गेम विकास में वैश्विक शक्ति के रूप में तेज़ी से उभर रहा है। भारत की अग्रणी इंटरेक्टिव मीडिया और गेमिंग वेंचर कैपिटल फ़र्म लुमिकाई की हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 550 मिलियन से ज़्यादा गेमर्स हैं, जिनमें से 175 मिलियन इन-गेम खरीदारी करते हैं। इस विशाल उपयोगकर्ता आधार को किफ़ायती डेटा एक्सेस, मोबाइल-फ़र्स्ट गेमिंग संस्कृति और डिजिटल रूप से जानकार, युवा आबादी जैसे प्रमुख कारको का समर्थन प्राप्त है - जिनमें से 65 प्रतिशत से ज़्यादा 35 वर्ष से कम आयु के हैं।

भारत की असली ताकत न केवल इसकी खपत में, बल्कि इसकी रचनात्मक क्षमता में निहित है। इंजीनियरिंग और डिज़ाइन प्रतिभाओं के एक विशाल पूल, एक संपन्न इंडी डेवलपर समुदाय और बढ़ते सरकारी और उद्योग समर्थन के साथ देश गेम निर्माण और उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में है। कौशल, बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण में बढ़ते निवेश एक मजबूत नींव रख रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय गेम शिक्षा पहलें गति पकड़ रही हैं। वैश्विक प्रकाशक, स्टूडियो और प्लेटफ़ॉर्म भी भारतीय प्रतिभाओं के साथ सह-विकास और निवेश करने में बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं, जिससे वैश्विक गेमिंग इको-सिस्टम में देश की स्थिति और मजबूत हो रही है।

**निष्कर्ष**

रोड टू गेम जैम ने न केवल भारत के अगली पीढ़ी के गेम डेवलपर्स की अपार प्रतिभा और कल्पना को उजागर किया है, बल्कि वैश्विक गेमिंग मंच पर नेतृत्व करने की देश की बढ़ती क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। महत्वाकांक्षी रचनाकारों, उद्योग के सलाहकारों और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों को एक साथ लाकर इस पहल ने एक मजबूत और अधिक समावेशी गेम विकास इकोसिस्टम के लिए आधार तैयार किया है। जैसा कि शीर्ष 10 टीमें मुंबई में वेव्स समिट में अपने गेम प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं, उनकी यात्रा भारत को न केवल एक जीवंत गेमिंग बाजार के रूप में, बल्कि मूल और विश्व स्तरीय गेम निर्माण के एक पावरहाउस के रूप में स्थापित करने की एक व्यापक राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को दर्शाती है।

*स्रोत: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय*

**गेम जैम की राह**

***

**एमजी/आरपीएम/केसी/आईएम/एसवी**

(Release ID: 2121944)
Read this release in: English , Urdu , Nepali , Marathi , Bengali , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu